• जयपुर, शुक्रवार 20 मार्च 26 • वर्ष 15 • अंक 147 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950
दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम
# चमकता राजस्थान
विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट के खिलाफ सरकार के कदम सराहनीय...
पेज @4 12 वर्ष में विवाह, 9 वर्ष बाद मिली मुक्तिः न्यायालय ने बाल विवाह निरस्त...
पेज @8 राजस्थान दिवस पर विकास को नई रफ्तारः उपमुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री...

# अयोध्या पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ,'श्रीराम यंत्र' स्थापना पूजन में हुईं शामिल



**अयोध्या/एजेंसी।**

वासंतिक नवरात्र और हिंदी नववर्ष के प्रथम दिन अयोध्या धाम में आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संगम देखने को मिला, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राम मंदिर पहुंचकर 'श्रीराम यंत्र' स्थापना के विशेष अनुष्ठान में भाग लिया। इस अवसर पर पूरी रामनगरी भक्ति, सुरक्षा और परंपरा के रंग में रंगी नजर आई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सेना के विशेष विमान से अयोध्या पहुंचीं। यहां से वह कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच सड×क मार्ग से राम मंदिर पहुंचीं। रामनगरी में उनका पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी उपमुख्यमंत्री केशव और ब्रजेश पाठक मौजूद रहें। राष्ट्रपति ने 'जगतगुरु आद्य शंकराचार्य द्वार' से अयोध्या में प्रवेश किया और मंदिर परिसर का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने परिसर स्थित दुर्गा माता मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था में विशेष बदलाव किए गए। ट्रस्ट के मुताबिक सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक सभी वीआईपी, सुगम और विशिष्ट दर्शन पास पूरी तरह निरस्त कर दिए गए।
19 मार्च के लिए ऑनलाइन जारी किए गए सभी पास भी रद्द माने गए, जिससे श्रद्धालु केवल सामान्य व्यवस्था के तहत ही दर्शन कर सके। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू मंदिर के द्वितीय तल स्थित गर्भगृह में 'श्रीराम यंत्र' की स्थापना के अनुष्ठान में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि यह यंत्र भगवान श्रीराम की दिव्य शक्ति, मर्यादा और धर्म की स्थापना का प्रतीक है, जिससे मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा और सुदृढ़ होगी।
माना जाता है कि 'श्रीराम यंत्र' की स्थापना से मंदिर की पवित्रता और प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। इससे अयोध्या धाम से धर्म, शांति और मर्यादा का संदेश और अधिक व्यापक रूप से प्रसारित होगा। इस विशेष अवसर पर केरल की आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी भी अपने करीब एक हजार भक्तों के साथ अयोध्या पहुंचीं। कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण से जुड़े लगभग 2000 लोग और 1984 से राम मंदिर आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## न्यूज़ अपडेट

### सरके चुनर' गाने पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान, नोरा फतेही और संजय दत्त समेत 5 लोगों को भेजा समन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 'सरके चुनर तेरी सरके' गाने में अश्लीलता और अभद्रता के आरोपों से संबंधित मीडिया रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में अभिनेत्री नोरा फतेही, रकीब आलम, अभिनेता संजय दत्त, वेंकट के. नारायण (निर्माता, केवीएन समूह) और किरण कुमार (निर्देशक) को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से इस मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी साझा की। आयोग का कहना है कि पहली बार देखने पर ये गाना यौन उत्तेजक, आपत्तिजनक और भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और पीओसीएसओ अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन प्रतीत होता है, इसलिए आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

### अमेरिका-इजरायल जंग के बीच ईरान ने भारत को कहा शुक्रिया, फिर अचानक डिलीट कर दी पोस्ट; जानें क्या है ये मिस्ट्री?

**नई दिल्ली/एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे भीषण युद्ध के बीच एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। भारत स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर चिकित्सा मदद भेजने के लिए भारत का आभार जताया, लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर अचानक उस पोस्ट को डिलीट भी कर दिया। इस रहस्यमयी घटनाक्रम ने कूटनीतिक हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब भारत सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर ईरान को कोई मदद नहीं भेजी जा रही है। सूत्रों के हवाले से यह साफ किया गया है कि वर्तमान में भारत सरकार की तरफ से युद्धग्रस्त ईरान को किसी भी प्रकार की आधिकारिक चिकित्सा या राहत सामग्री नहीं भेजी गई है।

**सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होगी सुदृढ़, आमजन को मिलेगी बेहतर यातायात सुविधाएं**

# मुख्यमंत्री ने 207 नवीन बसों को दिखाई हरी झण्डी

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस के अवसर पर गुरूवार को अजमेर रोड स्थित बस टर्मिनल से राज्य पथ परिवहन निगम की 207 नवीन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नवीन बसों के संचालन से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के और सुदृढ़ होगी तथा आमजन को बेहतर यातायात सुविधाएं भी मिल सकेंगी।
इस दौरान शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस एवं हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इन्द्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना की थी। इसीलिए हमारी सरकार ने चैत्र शुल्क प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में इस वर्ष 19 मार्च को यह गौरवशाली दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हमारी सरकार द्वारा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर गत कई दिनों से विभिन्न राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।





- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस एवं हिन्दू नववर्ष की दी शुभकामनाएं
- सवा दो साल में प्रदेश के हर वर्ग को मिली राहत - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हम प्रतिबद्ध

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमने गत सवा दो सालों में राज्य के हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना भी की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवीन बसों का विधिवत पूजन कर शुभारम्भ किया। इन बसों में आरएसआरटीसी की ओर से सर्विसलाइन पर ली गई 100 ब्लूलाइन एक्सप्रेस बसें, 79 स्टारलाइन बसें तथा 28 एसी वाहन की बसें शामिल हैं। इन बसों के शामिल होने से राजस्थान रोडवेज के बेड़े में कुल 207 नई बसों की वृद्धि हुई है। बसों में नवीनतम सुरक्षा मानकों को उपयोग किया गया है जिससे आमजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक यातायात सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 700 महिलाओं को सड़क सुरक्षा अग्रदूत के रूप में हेलमेट वितरण किया। श्री शर्मा ने महिलाओं से संवाद कर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर शर्मा का आमजन ने माल्यार्पण कर स्वागत-अभिनंदन किया तथा राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल, सांसद श्रीमती मंजू शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिधिगण, अधिकारीगण एवं आमजन मौजूद रहे।

**सीएम हिमंता जालुकबारी से तो कांग्रेस से आए बोरदोलोई दिसपुर से लड़ेंगे चुनाव**

# असम : भाजपा ने जारी 88 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**गुवाहाटी/एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने असम विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इसमें 88 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा असम की जालुकबारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि भाजपा ने कांग्रेस छोड×कर आए प्रद्युत बोरदोलोई को भी टिकट दिया है। भाजपा ने पहली लिस्ट में मंत्री रंजीत कुमार दास, अशोक सिंघल, अजंता निओग, चंद्र मोहन पटवारी, रानोज पेगु, संजय किशन, पीजूष हजारिका और बिमल बोरा का भी नाम शामिल किया है। वरिष्ठ मंत्री चंद्रमोहन पटवारी को तिहू से मैदान में उतारा गया है, जबकि राज्य की वित्त मंत्री अजंता नेओग अपनी पुरानी सीट गोलाघाट से चुनाव लड़ेंगी। मंत्री रंजीत



कुमार दास को भवानीपुर-सोरभोग, पीजूष हजारिका को जागीरोड (अजा), अशोक सिंघल को ढेकियाजुली, रनोज पेगु को धेमाजी (अजजा), बिमल बोरा को तिंगखोंग और संजय किशन को माकुम विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है।
शहरी इलाकों की अहम सीटों पर भाजपा ने दिसपुर से प्रद्युत बोरदोलोई, न्यू गुवाहाटी से दिप्लू रंजन सरमा और गुवाहाटी सेंट्रल से विजय कुमार गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। खास बात यह है कि बोरदोलोई बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी से अपने लंबे समय के रिश्ते तोड×कर भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने नगांव लोकसभा सीट से भी इस्तीफा दे दिया है।
अन्य अहम सीटों में, पार्टी ने ऊपरी असम के अपने गढ़ माने जाने वाले इलाकों जैसे डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, डिगबोई, डूम डूमा और मार्घेरिटा में भी उम्मीदवार उतारे हैं। मार्घेरिटा से भास्कर सरमा को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि डिब्रूगढ़ से प्रशांत फुकन और डिगबोई से सुरेन फुकन चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने मध्य और निचले असम की कई सीटों के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिनमें रंगिया, नलबाड़ी, बरहमपुर, समगुरी और नगांव शामिल हैं। बरहमपुर से पार्टी ने जीतू गोस्वामी को मैदान में उतारा है, जबकि नगांव-बटाद्रबा से रूपक सरमा चुनाव लड़ेंगे। आदिवासी और आरक्षित सीटों पर, पार्टी ने बोको-चायगांव (एसटी), तामुलपुर (एसटी), धेमाजी (एसटी), माजुली (एसटी), बोकाजान (एसटी) और दीफू (एसटी) जैसी सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नव संवत्सर के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नव संवत्सर के शुभ अवसर पर देशवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और समृद्धि से भरे वर्ष तथा राष्ट्रीय प्रगति के प्रति नए संकल्प की कामना की है।




नव संवत्सर के अत्यंत विशेष अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की कि आने वाला नव वर्ष प्रत्येक के जीवन में साहस, आत्मविश्वास और सेवा की भावना को मजबूत करे। श्री मोदी ने आगे उम्मीद जताई कि ये मूल्य राष्ट्र निर्माण की दिशा में किए जा रहे सामूहिक प्रयासों को नई गति प्रदान करेंगे, और साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों के लिए असीम सुख, सफलता और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।
**प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा;**
देशवासियों को नव संवत्सर की अनंत शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि यह नया साल आप सभी के जीवन में साहस, आत्मविश्वास और सेवा की भावना को और सशक्त करे, जो राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को भी नई मजबूती दे।
नव संवत्सर के अत्यंत विशेष अवसर पर सभी को शुभकामनाएं। सभी को असीम सुख, सफलता और उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद प्राप्त हो। मैं प्रार्थना करता हूं कि आने वाला नव वर्ष प्रत्येक के जीवन में साहस, आत्मविश्वास और सेवा की भावना को और सुदृढ़ करे। साथ ही, राष्ट्र-निर्माण की दिशा में किए जा रहे हमारे सामूहिक प्रयासों को भी यह एक नई गति प्रदान करे।

**देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में विस्तार**

# देश की ऊर्जा सुरक्षा में कोयले की महत्वपूर्ण भूमिका

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

कोयला देश की आर्थिक वृद्धि को आधार प्रदान करने वाले इस्पात और सीमेंट जैसे प्रमुख उद्योगों को विश्वसनीय आधारभूत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना जारी रखे हुए है।
देश में कोयले का उत्पादन उपभोक्ताओं की विद्यमान मांग के अनुरूप तेज़ गति से जारी है और रेलवे के निरंतर सहयोग से उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुसार पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने



के लिए खदानों में पर्याप्त भंडार का निर्माण किया जा रहा है।
कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की खानों में कोयले का भंडार, जो 1 अप्रैल 2025 को 106.78 मीट्रिक टन था, 18 मार्च 2026 को बढ×कर लगभग 125.54 मीट्रिक टन हो गया है। इसके अलावा, सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) की खानों में लगभग 5.75 मीट्रिक टन कोयला है और कैप्टिव/वाणिज्यिक खानों में 15.75 मीट्रिक टन कोयला है। साथ ही, लगभग 12 मीट्रिक टन कोयला परिवहन में है और लगभग 5.49 मीट्रिक टन कोयला बंदरगाहों और माल भंडार में विद्यमान है।
कोयले का यह भंडार बिजली संयंत्रों में पहले से उपलब्ध कोयले के अतिरिक्त है, जो लगभग 53.41 मीट्रिक टन है और वर्तमान खपत दर के हिसाब से लगभग 23 दिनों के लिए पर्याप्त है।
कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) लघु, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं सहित सभी उपभोक्ताओं को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय कर रही है। एक सक्रिय कदम के रूप में, सीआईएल ने मार्च 2026 में लगभग 23.56 मीट्रिक टन कोयले की पेशकश के साथ 29 ई-नीलामियों की योजना बनाई है। इन 29 नीलामियों में से, 12 मार्च, 2026 से अब तक 5 नीलामियां आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 73.1 लाख टन कोयले की पेशकश की गई थी और 31.96 लाख टन कोयले की बुकिंग हो चुकी है, जो ई-नीलामियों में पेश किए गए कोयले की पर्याप्तता को दर्शाता है।

### केरल चुनाव 2026 : भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी सूची, कई बड़े नाम शामिल

**तिरुवनंतपुरम/एजेंसी।** केरल में 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी बीच भाजपा ने गुरुवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। यह फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता नितिन नवीन ने की। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई इस अहम बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। दूसरी सूची में कुल 39 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। सूची के अनुसार, कासरगोड से अश्विनी एम.एल., कलियास्सेरी से ए.वी. सनिल कुमार और तलिपरम्बा से एन. हरिदास को उम्मीदवार बनाया गया है। धर्मदाम से के. रंजीत और थलास्सेरी से ओ. निधीश को टिकट मिला है। कुतुपरम्बा से एडवोकेट शिजीलाल और मट्टनूर से बीजू एलक्कुझी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। कालपेट्टा से प्रशांत मलवयाल, कोंडोट्टी से पी. सुब्रह्मणियन और एरनाड से एडवोकेट एन. श्रीप्रकाश को उम्मीदवार बनाया गया है। मंजेरी से पद्मश्री एम., पेरिंथलमन्ना से के.पी. बाबूराज और मंकडा से लिजॉय पॉल को टिकट मिला है। मलप्पुरम से अश्वथी गुप्ता कुमार और वेंगारा से जयकृष्णन वी.एन. को उम्मीदवार बनाया गया है। वल्लिक्कुन्नु से एम. प्रेमन मास्टर और तिरुरंगडी से रिजू सी. राघव चुनाव लड़ेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विभाग से की मुलाकात, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** में आगामी नहरबंदी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को लेकर भाजपा शहर मंडल सक्रिय हो गया है। गुरुवार को भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष शिवप्रकाश पंचारिया के नेतृत्व में उपाध्यक्ष हरीश दवे एवं देवकिशन सोनी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) के अधीक्षण एवं अधिशाषी अभियंता से मुलाकात कर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इंदिरा गांधी नहर में 20 मार्च से 3 मई तक नहरबंदी रहेगी। इस अवधि में गर्मी के मौसम को देखते हुए फलोदी शहर एवं नहरी पानी पर निर्भर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में विभाग द्वारा पर्याप्त जल स्टोरेज एवं नलकूपों की स्थिति को दुरुस्त करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने अधिकारियों से जानकारी मांगी कि नहरबंदी अवधि के लिए किन-किन स्थानों पर पानी का स्टोरेज किया गया है तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद नलकूप चालू स्थिति में हैं या नहीं। साथ ही जो नलकूप खराब हैं, उन्हें शीघ्र ठीक करवाने की मांग भी रखी गई।

भाजपा नेताओं ने विभाग से आग्रह किया कि समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि नहरबंदी के दौरान फलोदी जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। साथ ही उन्होंने विभाग से की गई तैयारियों की जानकारी साझा करने का भी अनुरोध किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का किया प्रचार-प्रसार

- **कालोता डाकघर में आज आपके द्वार शिविर का आयोजन हुआ**



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** कुण्डल भारतीय डाक विभाग में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर घर घर पहुंचाने के लिए गुरुवार को कालोता गांव में घर घर जाकर डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। कालोता शाखा डाकघर में भारतीय डाक विभाग की और से 20 मार्च शुक्रवार को ग्राम पंचायत कालोता के शाखा डाकघर में डाकघर आपके द्वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहायक डाक अधीक्षक ललित मीणा ने बताया डाकघर आपके द्वार शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत सुकन्या समृद्धि खाता योजना, आवर्ती जमा खाता, किसान विकास पत्र, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,बचत जमा खाता, मनरेगा खाता,पीएम किसान सम्मान निधि खाता, उज्जवला गैस सब्सिडी खाता, महिला सम्मान निधि खाता, पीपीएफ बचत जमा खाता, आदि के खाते खोले जाएंगे। डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा के प्रस्ताव इंडेक्स किया जाएगा। इस दौरान एम- ओ लाल बहादुर गुर्जर, हरपाल सिंह राजपूत,अरविंद कुमार पारीक, महेंद्र सैनी, ओमप्रकाश विजय, राकेश बड गुर्जर ,निकीता काजला, कुमारी किर्ति, कृष्ण कुमार सैनी आदि ने डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया

### दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने आज सैंथल की मदीना मस्जिद में रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हिस्सा लिया



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** आज सैंथल में मदीना मस्जिद में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने हिस्सा लिया ! इस दौरान सेवा दल के प्रदेश महासचिव कैलाश गोठवाल, विष्णु भारद्वाज, प्रभु दयाल ब्याडवाल,मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह,राम सिंह गुर्जर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रमेश मीणा ,सैंथल सरपंच प्रतिनिधि अशोक मामोडिया,युवा कांग्रेस निवर्तमान अध्यक्ष हरकेश अवाना, उपाध्यक्ष मोनू पचवारा, जाकिर खान , बहादुर गुर्जर, छुट्टन खान, लतीफ खान, सलीम खान, पप्पू खान, बाबू खान, मुबारिक खान,शरीफ खान, फैजान खान, अयूब खान आदि लोग मौजूद रहे!

इस मुकद्दस मौके पर सभी के साथ रोजा इफ्तार कर देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ की।

आईटी एक्ट और नए नियमों से डिजिटल भारत होगा और सुरक्षितःमदन राठौड़

# सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट के खिलाफ सरकार के कदम सराहनीयःमदन राठौड़

चमकता राजस्थान

**जयपुर/नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा 12 दिसंबर 2025 को शून्यकाल के दौरान उठाए गए महत्वपूर्ण विषय ''सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील और हानिकारक रील्स के प्रसार को रोकने हेतु नियामक प्रावधानों की आवश्यकता'' पर केंद्र सरकार ने विस्तृत और तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत किया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने उत्तर में स्पष्ट किया कि भारत का मौजूदा कानूनी ढांचा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एवं डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम, 2021 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने में पूर्णतः सक्षम और प्रभावी है।

उन्होंने कहा कि सरकार इंटरनेट को सुरक्षित, जिम्मेदार और कानूनसम्मत बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है तथा साइबर स्पेस में उत्पन्न चुनौतियों से निपटने हेतु निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत विभिन्न साइबर अपराधों के लिए सख्त दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं, जिनमें धारा 66उ (पहचान की चोरी), धारा 66ऊ(प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी), धारा 66ए (निजता का उल्लंघन), धारा 67 एवं 67अ (अश्लील एवं यौन स्पष्ट सामग्री का प्रकाशन/प्रसारण), धारा 67इ (बाल यौन शोषण सामग्री), धारा 69अ (सरकारी निर्देशों के तहत जानकारी को ब्लॉक करना) तथा धारा 66ऋ(साइबर आतंकवाद) जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इसके साथ ही, आईटी नियम, 2021 के तहत सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज़ पर यह दायित्व



तय किया गया है कि वे उचित सावधानी का पालन करते हुए अपने प्लेटफॉर्म पर अश्लील, पोर्नोग्राफिक, पैडोफिलिक, निजता का उल्लंघन करने वाली, लैंगिक या नस्लीय रूप से आपत्तिजनक, बच्चों के लिए हानिकारक, भ्रामक अथवा कानून-विरुद्ध सामग्री के प्रसार को रोकें, अन्यथा उन्हें कानूनी संरक्षण प्राप्त नहीं होगा और वे विधि के अनुसार उत्तरदायी होंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेश या सरकार/अधिकृत एजेंसी द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर किसी भी अवैध सामग्री को निर्धारित समयसीमा के भीतर हटाना इंटरमीडियरी के लिए अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, 50 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं वाले महत्वपूर्ण सोशल मीडिया इंटरमीडियरी को भारत में ग्रिवेंस ऑफिसर, चीफ कंप्लायंस ऑफिसर तथा नोडल संपर्क अधिकारी नियुक्त करना अनिवार्य किया गया है, ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ 24७7 समन्वय सुनिश्चित हो सके। उपयोगकर्ताओं की शिकायतों के प्रभावी निवारण के लिए सरकार द्वारा ग्रिवेंस अपीलेट कमेटियों का गठन भी किया गया है।

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही, 20 फरवरी 2026 से लागू संशोधित आईटी नियमों के माध्यम से सिंथेटिक जनरेटेड सूचना तथा डीपफेक जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए सशक्त प्रावधान किए गए हैं। इन संशोधनों में ऑडियो, विजुअल एवं ऑडियो-विजुअल सूचना की परिभाष, एसजी आई को कानूनी दायरे में शामिल करना, उपयोगकर्ताओं को प्रत्येक तीन माह में जागरूक करना, अवैध सामग्री हटाने की समयसीमा को और सख्त करना, एसजीआई के लिए विशेष उचित सावधानी ढांचा लागू करना तथा ऐसे कंटेंट के लिए लेबलिंग, मेटाडेटा और तकनीकी सत्यापन को अनिवार्य करना शामिल है, जिससे भ्रामक, हानिकारक एवं राष्ट्रहित के विरुद्ध सामग्री के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

सांसद मदन राठौड़ ने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए इस विस्तृत, स्पष्ट और दूरदर्शी उत्तर की सराहना करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अश्लील एवं हानिकारक सामग्री के विरुद्ध यह पहल समय की आवश्यकता थी और सरकार ने इस दिशा में निर्णायक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और आईटी नियम, 2021 के सख्त प्रावधानों तथा हालिया संशोधनों से न केवल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही सुनिश्चित होगी, बल्कि देश के नागरिकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों को डिजिटल खतरों से सुरक्षा भी मिलेगी।

## 'म्हारो प्यारो राजस्थान' गीत के पोस्टर का किया विमोचन

चमकता राजस्थान

**अविनाश शर्मा/जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सिविल लाइंस स्थित अपने निवास पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में निर्मित विशेष गीत ''म्हारो प्यारो राजस्थान'' के पोस्टर का भव्य विमोचन किया। यह गीत प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, महान परंपराओं और गौरवशाली पहचान को समर्पित है। जनहितों के प्रति पूर्णतः समर्पित एवं 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अभिनव पहल पर, इस बार प्रदेश के स्थापना दिवस को भारतीय परंपरा की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनुसार मनाया जा रहा है।




मुख्यमंत्री के इस सांस्कृतिक विजन और गौरवमयी निर्णय की सराहना करते हुए ही इस गीत का निर्माण किया गया है, जिसमें राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपराओं और प्रदेश के प्रति स्वाभिमान की भावना को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने का प्रयास है।

इस अवसर पर गीत के प्रोड्यूसर महावीर कुमार सोनी एवं क्रिएटिव डायरेक्टर मिताली सोनी उपस्थित रहे। ज्योतिर्विद, फिल्ममेकर एवं लेखक महावीर कुमार सोनी ने प्रदेश में पहली बार राजस्थान दिवस का आयोजन देश की वास्तविक परंपरा की तिथि चैत्र शुक्ला एकम को किए जाने को मुख्यमंत्री का एक अद्भुत एवं दूरदर्शी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल राजस्थान की सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने वाला मुख्यमंत्री जी का अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर महावीर कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री का चुनरी ओढ़ाकर सम्मान एवं अभिनंदन किया।

विमोचन के दौरान महावीर कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री को अपने पूर्व में निर्मित विभिन्न शॉर्ट फिल्म्स, देशभक्ति गीत 'गर्व मेरा भारत' तथा राजस्थान के पर्यटन एवं गौरव को दर्शाते गीत 'घूमो राजस्थान' की जानकारी भी दी। साथ ही अपनी पुस्तक ''महान वीरांगना अबक्का रानी'' की प्रति भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने बड़ी आत्मीयता एवं स्नेह के साथ गीत एवं किए गए प्रयासों को सुना और सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

## अब हर गांव-वार्ड का बनेगा मास्टर प्लान

- **सीएम ने किया शुभारंभ, 15 मई तक चलेगा अभियान**



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** राजस्थान दिवस और नव संवत्सर के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से 'विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान' का शुभारंभ किया। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिससे आने वाले दशकों की जरूरतों के अनुरूप योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह अभियान नए राजस्थान के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जहां आधुनिकता और विरासत का समन्वय देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव और शहर दोनों को समान रूप से बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित करना है, ताकि हर क्षेत्र में संतुलित और समावेशी विकास हो सके। उन्होंने बताया कि विकसित गांव ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत की आधारशिला हैं। इस अभियान के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप विकास का रोडमैप तैयार कर उसे जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

राज्य सरकार द्वारा 'विकसित राजस्थान @2047' के विजन के तहत राजस्थान इंस्टिट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन (रीति) के माध्यम से इस अभियान को संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 19 मार्च से 15 मई तक चलेगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर अल्पकालिक (2030 तक), मध्यकालीन (2035 तक) और दीर्घकालीन (2047 तक) विकास योजनाओं का विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत और वार्ड की डायनेमिक प्रोफाइल तैयार कर वहां उपलब्ध संसाधनों, बुनियादी सुविधाओं और विकास की प्राथमिकताओं का आकलन किया जाएगा, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

सवाई माधोपुर जिले से भी वर्चुअल जुड़े अधिकारी :- सवाई माधोपुर जिले में भी इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण हुआ, जिसमें जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस दौरान सवाई माधोपुर में जिला कलक्टर काना राम, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रमों के निरीक्षण में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, वृद्धजनों की समस्याएं सुन, दिए आवश्यक निर्देश

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण/धौलपुर। सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में सचिव रेखा यादव द्वारा गुरुवार को जिले के दो वृद्धाश्रमों का निरीक्षण किया गया। सचिव रेखा यादव ने सबसे पहले बी.आर. गार्डन, सैंपऊ स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वहां रह रहे वृद्धजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण



के दौरान 8 पुरुष एवं 4 महिला वृद्धजन उपस्थित मिले। उन्होंने पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं आगंतुक रजिस्टर की जांच के साथ-साथ साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधा, मनोरंजन गतिविधियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वृद्धजनों से अलग-अलग बातचीत कर पेंशन एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली और आश्रम प्रबंधन को निर्देशित किया कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आपात चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी वृद्धजनों को आधार, पेंशन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात सचिव ने वॉटरवॉक्स चौराहे, नारायण हॉस्पिटल के पास स्थित वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण किया, जहां 10 वृद्धजन उपस्थित मिले। यहां भी उन्होंने वृद्धजनों की समस्याएं सुनीं तथा बीमार एवं दिव्यांग वृद्धजनों के उपचार की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने दोनों आश्रमों के प्रभारियों को नालसा की वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक वृद्धजन को निःशुल्क विधिक सहायता, पेंशन, भरण-पोषण एवं अन्य अधिकारों से संबंधित सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

दीवा प्रभाग समिति के फेरीवाला पथक पर दोहरे रवैये के आरोप

# ठाणे पालिका की आम सभा में फेरीवालों और ट्रैफिक जाम पर गरमाई चर्चा, सख्त कार्रवाई की मांग

चमकता राजस्थान

**ठाणे/अरविंद कोठारी।** ठाणे,ठाणे महानगर पालिका की आम सभा में शहर और दिवा क्षेत्र में बढ़ती फेरीवालों की समस्या तथा बाजार क्षेत्रों में बढ़ते यातायात जाम को लेकर जोरदार चर्चा हुई। नगरसेविका उषा विशाल वाघ ने इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की।

सभा में बोलते हुए वाघ ने स्पष्ट किया कि वे फेरीवालों के खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि कई परिवार अपनी आजीविका के लिए इस व्यवसाय पर निर्भर हैं। हालांकि, अनियमित और अवैध फेरीवालों के कारण फुटपाथ अवरुद्ध हो रहे हैं, सड़कें




संकरी हो रही हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने सुझाव दिया कि केवल लाइसेंसधारी और पहचान पत्रधारी पुराने फेरीवालों को ही नियमानुसार व्यवसाय की अनुमति दी जाए। साथ ही नियमों का पालन करने वाले फेरीवालों के साथ अन्याय न हो और अवैध फेरीवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

वाघ ने शहर में सुव्यवस्था लाने के लिए ''हॉकर्स जोन'' विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा, ताकि सभी फेरीवालों का पुनर्वास कर भीड़भाड़ कम की जा सके और व्यापार अधिक व्यवस्थित हो।

यातायात समस्या पर उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्रों में दिन के किसी भी समय बड़े ट्रक और टेंपो माल लेकर पहुंच जाते हैं, जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनती है और नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इसके समाधान के तौर पर उन्होंने मालवाहक वाहनों के लिए निश्चित ''टाइम स्लॉट'' तय करने की मांग की, ताकि उन्हें केवल सुबह या ऑफ-पीक समय में ही प्रवेश दिया जाए और व्यस्त समय में प्रतिबंध लगाया जाए।

इस मुद्दे पर समाजसेवक अमोल केन्द्रे ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि दिवा के पत्रकारों के साथ मिलकर पिछले दो वर्षों से पालिका को कई बार पत्र दिए गए, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने मांग की कि दिवा में जल्द से जल्द फेरीवालों को लाइसेंस जारी किए जाएं और हॉकर्स जोन घोषित किया जाए, जिससे अवैध वसूली पर रोक लग सके।

केन्द्रे ने आरोप लगाया कि स्कूलों के पास और मैदानों में लगने वाले साप्ताहिक बाजार अवैध वसूली के उद्देश्य से संचालित किए जा रहे हैं। दिवा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त शिवप्रसाद नागरगोजे द्वारा इन्हें बंद करने के आदेश दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण विभाग का फेरीवाला पथक आदेशों का पालन नहीं कर रहा है।

वहीं, दिवा के नागरिकों का कहना है कि इन साप्ताहिक बाजारों पर कार्रवाई न होने के पीछे संबंधित विभाग की मिलीभगत भी हो सकती है। इस कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है और उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 12 वर्ष में विवाह, 9 वर्ष बाद मिली मुक्तिः न्यायालय ने बाल विवाह निरस्त किया

चमकता राजस्थान

जोधपुर। मेहराम गहलोत। मात्र 12 वर्ष की आयु में बाल विवाह की बेड़ियों में बांधी गई एक युवती को 9 वर्ष बाद आखिरकार न्याय मिल गया। नवसंवत्सर के पावन अवसर पर जोधपुर स्थित पारिवारिक न्यायालय संख्या-2 ने 21 वर्षीय खुशबू का बाल विवाह निरस्त करते हुए ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। निर्णय के पश्चात युवती एवं उसके परिवार की आंखों में राहत और खुशी के आंसू छलक पड़े।

इस प्रकरण में सारथी ट्रस्ट की प्रबंध न्यासी एवं बाल एवं महिला अधिकार अधिवक्ता ऊ१. ङ१३ ईं१३ की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने पीड़िता को विधिक सहायता के साथ-साथ मानसिक संबल भी प्रदान किया।



### ● डेढ़ वर्ष की विधिक प्रक्रिया के बाद मिला न्याय

लगभग डेढ़ वर्ष तक चली न्यायिक प्रक्रिया में Dr. Kriti Bharti ने पीड़िता की ओर से प्रभावी पैरवी करते हुए आयु संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किए। दूसरी ओर कथित पति द्वारा विवाह को वयस्क अवस्था में संपन्न होने का तर्क दिया गया, किंतु न्यायालय ने तथ्यों के आधार पर याचिका को स्वीकार करते हुए बाल विवाह निरस्त कर दिया।

### ● न्यायालय की सख्त टिप्पणीः बाल विवाह गंभीर सामाजिक कुरीति

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश वरुण तलवार ने स्पष्ट कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है, जो बच्चों के वर्तमान एवं भविष्य दोनों को अंधकारमय बना देती है। प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने विवाह को निरस्त करते हुए समाज को कड़ा संदेश दिया कि इस कुप्रथा के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

### सामाजिक दबाव में 12 वर्ष की आयु में हुआ विवाह

» प्राप्त जानकारी के अनुसार, खुशबू का बाल विवाह वर्ष 2016 में जोधपुर जिले के एक ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक दबाव के कारण कर दिया गया था। उस समय उसकी आयु मात्र 12 वर्ष थी। कुछ वर्षों पश्चात ससुराल पक्ष द्वारा गौना कराने का दबाव बनाए जाने पर वह मानसिक तनाव एवं अवसाद से ग्रसित हो गई। इसी दौरान उसे Dr. Kriti Bharti द्वारा संचालित बाल विवाह निरस्तीकरण अभियान की जानकारी मिली। तत्पश्चात उसने साहस जुटाकर लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पारिवारिक न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की।

### 54 बाल विवाह निरस्त, 2200 से अधिक रोके

» उल्लेखनीय है कि Dr. Kriti Bhart अब तक 54 बाल विवाह निरस्त करवा चुकी हैं तथा 2200 से अधिक बाल विवाह रोक चुकी हैं। उनकी इस पहल को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना प्राप्त हुई है। उनकी मुहिम को विभिन्न विश्व रिकॉर्ड संस्थाओं में स्थान मिला है तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा उनके कार्य को पाठ्यक्रम में भी सम्मिलित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीआईजी ने जनसुनवाई कर शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप जन-समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु आज 19 मार्च 2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई की गई। इस दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए डीआईजी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनहित के कार्यों और समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के भीतर किया जाए और शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई की प्रगति से भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए, ताकि पुलिस की कार्यप्रणाली में जनता का विश्वास और सुदृढ़ हो सके।

### बाड़मेर बायतु गोरधन सिंह बागड़वा बिजली विभाग की लापरवाही

**● बिजली खम्बे के तार टूटने से तीन गायों की मौत**



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** ग्राम पंचायत सोमेसरा  में तीन गायों की करंट लगने से मृत्यु  खंबे के तार टूटने से तीन गायों की मृत्यु हो जाना बहुत दुख की खबर है बड़ा हादसा होते होते टला बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही से यह घटना घटी टाइम पर लाइट नहीं काटने का कारण बताया जा रहा है जानकारी के अनुसार इसमें बताया जा रहा है एक महिला भी घायल है गर्मियों में बिजली विभाग की लापरवाही कभी भी भारी पड़ सकती हैं समय पर लाइनों के रखरखाव का ध्यान नहीं दिया जा रहा है रेतीले धोरा में दूर दराज में सूखे खीप की झाड़ियां और सूखी घास किसी भी समय बिजली के तार गिरने पर यह आग को विकराल रूप देते हैं आखिरकार जिम्मेदारी किसकी है।

### गर्ग समाज ने एएसपी मानाराम गर्ग का किया सम्मान, पोकरण आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** पोकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पद पर पदोन्नत होने के बाद प्रथम बार आगमन पर मानाराम गर्ग का गर्ग समाज द्वारा गुरुवार को साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने गर्ग का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर गर्ग समाज पोकरण के कार्यवाहक अध्यक्ष चेतनराम गर्ग ने कहा कि मानाराम गर्ग का एएसपी पद पर पदोन्नत होना पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि पोकरण क्षेत्र में गर्ग समाज से एएसपी बनने वाले वे पहले व्यक्ति हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

एएसपी मानाराम गर्ग ने समाज द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए युवाओं और बच्चों को उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

कार्यक्रम में चंदनराम ऊजलां, गणपतराज आसकंदरा, चेतनराम लोहारकी, बंशीलाल बारू, भागीरथराम टेकरा, गणपतराम गर्ग, राजेश गर्ग, शांति देवी, झम्मू देवी, सुनिता, सुमन परिहार, सुमन कांटिया सहित कई लोग मौजूद रहे। अंत में वरिष्ठ समाजसेवी गणपतराम गर्ग ने आभार व्यक्त किया।

## राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का किया गया सम्मान समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर जिले की खबर, ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर में राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं साहिबा एवं पूजा रावत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा रहे। मुख्य अतिथि ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 13 मार्च 2026 को राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, झालाना जयपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में सम्पन्न हुई, जिसमें ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के नोडल अधिकारी डी. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता राज्य स्तरीय अधिकारियों की निगरानी में आयोजित की गई थी। विजेता टीम को एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव द्वारा बधाई प्रेषित की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की निदेशक डॉ. मधुरतेश्वर, परियोजना निदेशक (मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य) डॉ. तरुण चौधरी, राज्य कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द कुमार बाजीया, रजिस्ट्रार डॉ. पूजा चौधरी सहित अन्य अधिकारियों की देखरेख में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण केन्द्र की प्रधानाचार्या कल्पना सेगर ने विजेता छात्राओं का माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नीलम, ओमप्रकाश लोधी, पंकज मुगल, दीपिका, राधा, अवधेश सहित अन्य प्रशिक्षक एवं कार्मिक उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा नव संवत्सर 2083 पर निकाली गई भव्य रैली, दी गई शुभकामनाएं

चमकता राजस्थान



**अनिल शेखर/धौलपुर।** आज विश्व हिंदू परिषद द्वारा नव संवत्सर 2083 के प्रथम दिवस के अवसर पर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम बस स्टैंड, धौलपुर पर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकत्रित हुए तथा आमजन को नव संवत्सर की बधाइयां दीं।

कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री नरेंद्र सिंह त्यागी ने नव संवत्सर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में तिथि, नक्षत्र और पंचांग का विशेष महत्व है। जन्म, विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी इन्हीं के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं, लेकिन वर्तमान समय में अंग्रेजी वर्ष के प्रभाव के कारण लोग अपने सनातनी नव वर्ष के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वयं तथा अपनी आने वाली पीढ़ियों को हिंदू नव वर्ष के महत्व से अवगत कराएं।

उन्होंने बताया कि सनातन नव वर्ष चैत्र मास में नवरात्र स्थापना एवं फसल के आगमन के साथ प्रारंभ होता है, जो भारतीय संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की टोली द्वारा बस स्टैंड से संतर रोड होते हुए नृसिंह ढौड़ी तक बाजार में रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को नव संवत्सर 2083 की शुभकामनाएं दी गईं, जिसे लोगों ने सराहा और उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह त्यागी (विभाग मंत्री, भरतपुर), दिग्विजय सिंह राजावत (प्रचार-प्रसार प्रमुख), पुरुषोत्तम दास जिंदल, संतोष शर्मा (सह मंत्री), महेश राजावत (उपाध्यक्ष), आकांक्षा भार्गव (सत्संग प्रमुख), ममता श्रीवास्तव (मातृशक्ति सहसंयोजक), दिशा श्रीवास्तव (दुर्गा वाहिनी सहसंयोजक), मीरा गुप्ता, पुष्पा देवी, विमला देवी, संचित श्रीवास्तव, रेनू प्रजापति, अशोक कुलश्रेष्ठ सहित विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### डीएम एवं एसएसपी ने मां शाकंभरी देवी मेला की व्यवस्थाओं का लिया जाएजा



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा मां शाकंभरी देवी मेले का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मां शाकंभरी देवी मेला में पीए सिस्टम, शौचालय व्यवस्था, बैरीकेटिंग, साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होने सख्त निर्देश दिए कि मेले में सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुव्यवस्था को बनाए रखने में किसी भी स्तर से कोई लापरवाही न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि मेले का आयोजन पूर्व वर्षों की भांति दिव्य और भव्य होना चाहिए। इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी निरंतर नजर बनाए रखें एवं सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मां शाकंभरी देवी जाने के लिए श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्युत विभाग को मेले के दौरान सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के साथ ही पथ प्रकाश की उचित व्यवस्था जो सीसीटीवी कैमरे से युक्त हों करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में पानी की आपूर्ति तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए।

मेला परिसर में चिकित्सा सुविधा तथा मोबाइल एंबुलेंस की तैनात रहे। उन्होंने शौचालय एवं स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने को कहा। उन्होंने विद्युत सुरक्षा की व्यवस्था सुदृढ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पानी आने पर चेतावनी व्यवस्था अलर्ट रखी जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी  सुमित राजेश महाजन, एसपी ग्रामीण सागर जैन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी बेहट  मानवेंद्र सिंह, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम के जैकारों के साथ निकला वरघोड़ा,मेला संपन्न



**चमकता राजस्थान/देसूरी।** सोनाणा स्थित खेतलाजी जूनीधाम  पर गुरुवार सुबह वरघोड़े के साथ मेला संपन्न हो गया। रंगबिरंगी गुलाल व ब्लोअर से उछाली गई चमकीली पन्नियों के बीच खेतलाजी की जय जयकारों के साथ सोनाणा गांव की परिक्रमा करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई।

ध्वजा के साथ ही शुरू हुए वरघोड़े में खेतलाजी के रथ,जोत,ऊंट घोड़ों पर सवार ग्रामीणों,डीजे की गूंज के साथ गुलाल से रंगे जातरु नाचते चल रहे थे। ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर झूमते श्रद्धालुओं के साथ वरघोड़े माहौल धर्ममय हो गया।

मेला लाभार्थी वीणा बाई रमण लाल जी लुंकड़, पूना, आयोजन की कमान संभाल रहे जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी, सचिव संदीपसिंह चारण, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह राजपुरोहित, भामाशाह रमेश बाबूलाल जी ओसवाल तथा सरपंच प्रतिनिधि रमेश जणवा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में व्यस्त रहे।

इससे पूर्व बुधवार की रात्रि को भव्य भक्ति संध्या में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक आशा वैष्णव, महेंद्र सिंह राठौड़ और लेहरूदास वैष्णव की प्रस्तुतियां हैं। वहीं, दीपिका राव और टीना प्रजापत द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां हैं। ट्रस्ट की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रही।

मेले की सफलता के लिए जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी, सचिव संदीपसिंह चारण, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष लक्ष्मण मेघवाल, सहकोषाध्यक्ष मांगीलाल देवासी, सह सचिव भूपेंद्रसिंह राजपुरोहित, सदस्य डूंगाराम चौधरी, अभिषेक राजपुरोहित, मोतीसिंह राजपुरोहित, नारायणसिंह राजपुरोहित, नारायणसिंह चारण, तेजवन गोस्वामी, खरताराम चौधरी, नेमाराम चौधरी, वक्ताराम चौधरी, अमृत लोहार, मदनलाल लोहार, गोविंद कुमार मेघवाल, झालाराम देवासी, रूपाराम देवासी, नरेश प्रजापत, खीमाराम मेघवाल, कपूराराम मेघवाल, वेलाराम मेघवाल, मांगीलाल हीरागर, रिडमल सिंह चारण सहित नियंत्रण कमेटी के मोहनसिंह राजपुरोहित, फूआराम राईका, ओगडराम देवासी व सोहनलाल लोहार सक्रिय रूप से जुटे रहे।

## प्रतिष्ठित मिनी ब्राण्ड ने राज्य में किया प्रवेश : बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने राजस्थान में बनाया अपनी मौजूदगी को सशक्त

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने राजस्थान के लक्ज़री उपभोक्ताओं के लिए मिनी ब्राण्ड के लॉन्च के साथ राज्य में अपनी स्थिति को और मजबूत बना लिया है। कंपनी ने राज्य के ब्लू सिटी जोधपुर में अपना नया शोरूम खोला है। इसके साथ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया अब जयपुर, उदयपुर और जोधपुर सहित राजस्थान के मुख्य शहरों में मौजूद है।

सांघी क्लासिक 2009 से राजस्थान में बीएमडब्ल्यू के एक्सक्लुज़िव डीलर पार्टनर हैं और अब बीएमडब्ल्यू को रिप्रेज़ेन्ट करने के लिए भी उन्हें ही नियुक्त किया गया है। इस लॉन्च के साथ मिनी ने उत्तर भारत के सबसे महत्वपूर्ण लक्ज़री ऑटोमोबाइल मार्केट्स में से एक में प्रवेश किया है तथा अपने डायनामिक पोर्टफोलियो के साथ उपभोक्ताओं को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर हरदीप सिंह ब्रार, प्रेज़ीडेन्ट एवं सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, '' बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया सफलता के पथ पर अग्रसर है, हम अपने बेहद महत्वाकांक्षी ब्राण्ड्स को देश भर के लक्ज़री उपभोक्ताओं के लिए सुलभ बनाना चाहते हैं। राजस्थान हमेशा से वाइब्रेन्ट मार्केट रहा है, जहां डिज़ाइन, विशिष्टता और शाही अनुभवों को खूब पसंद किया जाता है। ऐसे में यह हमारे लिए महत्वपूर्ण मार्केट है और हमें यहां विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। पुनीत सांघी, डीलर प्रिंसिपल, सांघी क्लासिक ने कहा, '' बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के साथ हमारी लम्बी साझेदारी को और आगे बढ़ाते हुए हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। मिनी रचनात्मकता, विशिष्टता और ड्राइविंग की अनूठी भावना की अभिव्यक्ति करता है, जो राजस्थान के बदलते लक्ज़री उपभोक्ताओं के साथ गहराई से जुड़ती है। जयपुर का अत्याधुनिक शोरूम सांघी गार्डन, टोंक रोड़ पर स्थित है। यह 3200 वर्गफीट में फैला है, जहां 4 बीएमडब्ल्यू और 1 मिनी कारों को डिस्प्ले किया गया है। वर्कशॉप में कार की व्यापक सर्विस के लिए सभी आधुनिक उपकरण और 8 मैकेनिकल बेज़ हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जालौर में तेज आंधी व बारिश से किसानों के ईसबगोल फसल पर भारी नुकसान

**चमकता राजस्थान/सांवलाराम चौधरी जालोर /सांचौर।** जालौर की पांचों विधानसभा में रात को तेज आंधी व बारिश तथा आज गुरुवार के पूरे दिन घने बादल होने से सूर्य देव का दर्शन नहीं हुए ,तथा ठंडी हवाएं चलती रही । किसानों के खेतों में लहराती हुई पक्की ईसबगोल की फसल पर भारी नुकसान हुआ है। जिसे जालौर जिले के हजारों किसानों को भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र में बीती रात हुई अचानक बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही हैं। जानकारी के अनुसार, ईसबगोल की फसल इस समय कटाई चल रही थी, लेकिन असमय हुई बारिश के कारण फसल भीग गई और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस नुकसान से उन्हें आर्थिक रूप से बड़ा झटका लगेगा।आज चमकता राजस्थान की टीम जालौर जिले के सांचौर क्षेत्र में अरणाय गांव का दौरा कर प्रभावित किसान पुनमाराम कलबी के खेत से खड़ी ईसबगोल फसल का जायजा लिया । जिसमें लगभग 70 प्रतिशत ईसबगोल की फसल खराब हो चुकी है। ऐसे जालौर जिले में हजारों किसानो के खेतो में खड़ी ईसबगोल की फसल को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है ताकि हुए नुकसान की भरपाई हो सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाती हैं।

### सादुलशहर पुलिस का चिट्टा तस्करी पर वारः महिला सहित चार आरोपी गिरफ्तार, सप्लाई चेन तोड़ी

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सादुलशहर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चिट्टा (हेरोइन) की तस्करी करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से करीब साढ़े आठ ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।



थाना प्रभारी सीआई मलकीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार महिला पंजाब के अबोहर क्षेत्र से चिट्टा खरीदकर सादुलशहर में सप्लाई करती थी। पुलिस द्वारा की गई सख्त पूछताछ के दौरान पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।
कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने चिट्टा बेचने वाले दो आरोपियों और एक खरीददार को भी गिरफ्तार कर लिया। इस तरह इस मामले में कुल चार आरोपियों को हिरासत में लेकर नशे की सप्लाई चेन को तोड़ने में अहम सफलता हासिल की गई है।
पुलिस का कहना है कि आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।

- **नशे के खिलाफ सख्त रुख**

सादुलशहर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### चेटीचण्ड पर्व पर देवनानी की प्रदेशवासियों को प्रेषित करी बधाइयां

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 मार्च।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने चेटीचण्ड पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। देवनानी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि चेटीचण्ड पर्व प्रदेश में लोगों के जीवन में खुशहाली व समृद्धि लाये। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने चेटीचंड के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिंधी समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। देवनानी ने कहा कि चेटीचंड का पर्व भगवान झूलेलाल के प्राकट्य दिवस के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व आस्था, सेवा, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देता है। सिंधी समाज ने अपनी मेहनत, उद्यमशीलता और सामाजिक सेवा के माध्यम से देश और प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व हमें आपसी प्रेम, एकता और सद्भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। चेटीचंड का उत्सव समाज में सकारात्मक ऊर्जा, खुशहाली और समृद्धि लेकर आए, यही कामना है देवनानी ने शुभकामनाएं दी हैं कि भगवान झूलेलाल की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि बनी रहे तथा प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।



### मुकेश सोनी बने हिंदू हेल्पलाइन के प्रान्त अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के आयाम हिंदू हेल्पलाइन के अंतर्गत ब्यावर निवासी मुकेश सोनी को प्रान्त अध्यक्ष के महत्वपूर्ण दायित्व से नवाजा गया है। इस नियुक्ति की घोषणा संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा की गई, जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त कुमावत की अनुशंसा पर राजस्थान क्षेत्र अध्यक्ष ओम प्रजापति द्वारा की गई। संगठन ने मुकेश सोनी के सामाजिक कार्यों, हिंदू समाज के प्रति समर्पण और संगठन के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर ब्यावर जिले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुकेश सोनी पर विश्वास जताते हुए उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यकर्ताओं ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में हिंदू हेल्पलाइन प्रान्तभर में और अधिक सक्रिय होकर समाज सेवा, धर्म रक्षा एवं जनजागरण के कार्यों को नई गति प्रदान करेगी। ज्ञात रहे कि संगठन के संस्थापक डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया भी अपने राजस्थान दौरे के दौरान ब्यावर पहुंचे थे, जहां वे मुकेश सोनी के निवास स्थान पर पहुंचे और उनसे संगठनात्मक विषयों एवं समाज सेवा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की थी। इस मुलाकात को संगठन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इसे मुकेश सोनी की सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण का प्रमाण बताया जा रहा है।
नवनियुक्त प्रान्त अध्यक्ष मुकेश सोनी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

---

राज्यपाल को स्पीकर ने संसदीय संस्कृति का उत्कर्ष- नवाचारों के दो वर्ष पुस्तक भेंट की

# देवनानी ने राज्यपाल को भारतीय नव वर्ष और राजस्थान दिवस की बधाई दी

## कुलाधिपति ने देवनानी को किया विद्या वाचस्पति मानद उपाधि से विभूषित

### विद्या वाचस्पति उपाधि प्राप्त करने वाले देवनानी देश के पहले स्पीकर

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 मार्च।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को प्रातः लोक भवन पहुँचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने राज्यपाल को भारतीय नव वर्ष नवसंवत्सर, नवरात्रा पर्व और राजस्थान दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। देवनानी ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ और नव वर्ष का शुभकामना कार्ड भी भेंट किया।
राज्यपाल ने देवनानी को विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से किया विभूषित- कुलाधिपति एवं राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को लोक भवन में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से विभूषित किया। श्री देवनानी को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा व समाज के लिए किये गये बेहतरीन नवाचारों हेतु यह उपाधि प्रदान की गई है। राज्यपाल ने देवनानी को उपाधि के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि देवनानी को बीकानेर में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में कुलगुरू द्वारा विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान की गई थी।



देवनानी पहले स्पीकर, जिन्हें मिली विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि- राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी देश के विधान मण्डलों में कदाचित पहले स्पीकर है जिन्हें शिक्षा व समाज के क्षेत्र में उत्कर्ष नवाचारों के लिए विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से विभूषित किया गया है। देवनानी ने शिक्षा और समाज के लिए अनेक नवाचार किये है। देवनानी ने राजस्थान के शिक्षा मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान स्कूली पाठ्यक्रम से 'अकबर महान' के संदर्भों को हटाने की पहल की थी। उन्होंने इतिहास में अकबर के बजाय महाराणा प्रताप को 'महान' बताने और स्थानीय नायकों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया था और पाठ्यक्रम में बदलाव किया था। देवनानी ने स्पीकर पद पर रहते हुए संसदीय संस्कृति के उत्कर्ष के लिए भी अनेक नवाचार किये है।
संसदीय संस्कृति का उत्कर्ष- नवाचारों के दो वर्ष पुस्तक भेंट- राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को राज्यपाल को लोक भवन में विधान सभा अध्यक्ष पद के अपने दो वर्ष के कार्यकाल में राजस्थान विधान सभा में किये गये नवाचारों पर आधारित प्रकाशन संसदीय संस्कृति का उत्कर्ष - नवाचारों के दो वर्ष की प्रति भेंट की। नवाचारों पर आधारित संसदीय संस्कृति के उत्कर्ष हेतु किये गये प्रयासों की राज्यपाल ने सराहना की और देवनानी को बधाई दी।

---

# उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छः पुलिसकर्मियों को "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" के अवार्ड से सम्मानित'

## मनोबल में बढोतरी के साथ-साथ पुलिसकर्मी बेहतर व सराहनीय कार्य करने के लिए प्रेरित होंगेः सचिन मित्तल

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 मार्च। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने गुरुवार को पुलिस आयुक्तालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छः पुलिसकर्मियों को "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" के अवार्ड से सम्मानित किया। सचिन मित्तल ने बताया कि पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार से पुलिसकर्मियों के मनोबल में बढोतरी के साथ-साथ पुलिसकर्मी बेहतर व सराहनीय कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।फरवरी माह 2026 का "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" पुरस्कार के लिए जिला पूर्व से चिन्हित सियाराम कानि0 पुलिस थाना जवाहर नगर ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से सीईआईआर पोर्टल पर रोज अपडेशन चैक कर गुम हुये 82 मोबाईलों को रिकवर कर मोबाईल धारकों को सौपने में महतपूर्ण भुमिका निभायी।जिला पश्चिम के श्रीराम जान्दू कानि0 तकनीकी शाखा जयपुर पश्चिम ने पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे वज्र प्रहार 2.0 अभियान के दौरान माह फरवरी 2026 में तकनीकी सहायता से जिला जयपुर पश्चिम में गुम हुये 201 मोबाईल फोन (कुल कीमत 38,50,000/-रूपये) रिकवर करवाने का सराहनीय कार्य किया। जिला उत्तर के महेश कुमार कानि0 पुलिस थाना संजय सर्किल ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये गये अभियान के दौरान 7 स्थाई वारंटों का निस्तारण करवाया एवं थाने पर प्राप्त ऑनलाईन परिवादों का निस्तारण करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जिला दक्षिण के पवन कुमार कानि0 पुलिस थाना सांगानेर सदर ने 15 हजार रूपये के ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने एवं काफी समय से लम्बित स्थाई वारंटों का निस्तारण करवाने का सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किया है। प्रेससिंह कानि0 यातायात पश्चिम जयपुर ने यातायात ड्यूटी केसाथ-साथ लेन सिस्टम की कुल 40 9 प्रभावी कार्यवाही की गई जो सराहनीय कार्य किया है। रामकिशोर कानि0 रिजर्व पुलिस लाईन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, ने पुलिस लाईन के कार्यालय, शाखाओं, परिसर में सौन्दर्यकरण का कार्य, लिखाई, पेन्ट-पॉलिस, चित्रकला का कार्य कठिन परिश्रम, मेहनत एवं लग्न से किया है।



### श्रीगंगानगर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध हथियारों के खिलाफ सख्त अभियान, 11 आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)** । जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर भारी मात्रा में हथियार बरामद किए और 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- **मुख्य उपलब्धियांः**

पुलिस कार्रवाई के दौरान 09 अवैध पिस्टल, 05 अतिरिक्त मैगजीन, 09 जिंदा कारतूस तथा 01 कार बरामद की गई है।
थाना वार कार्रवाईः

- **चूनावढ़ थाना क्षेत्रः**

हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

- **श्रीकरणपुर थाना क्षेत्रः**

आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 6 अवैध पिस्टल, 5 मैगजीन और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए। इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

- **कोतवाली थाना क्षेत्रः**

नाका कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 1 पिस्टल और 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। मौके से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया गया।

- **पुलिस का बयानः**

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध हथियारों की रोकथाम के लिए अभियान लगातार चलता रहेगा। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।
सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच जारी है।

- **संदेश साफ हैः**

श्रीगंगानगर में अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# गैस किल्लत के नाम पर साइबर ठगीः राजस्थान पुलिस की चेतावनी

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 19 मार्च।** एलपीजी गैस की बढ़ती मांग के बीच साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने एडवाइजरी जारी कर आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर डीआईजी शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि ठग डर और तकनीकी चालों से लोगों को निशाना बना रहे हैं।

- **ठगी के प्रमुख तरीके एवं बचाव के उपायः**

फर्जी एलपीजी वेबसाइट, KYC/कनेक्शन बंद होने का झांसा देकर डळढ-पिन लेना, रटर/WhatsApp के फिशिंग लिंक, स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स (AnyDesk/TeamViewer) और दफकोड के जरिए ठगी। आपको बता दें कि बचाव के उपायः के तहत केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म का उपयोग करें, OTP/बैंक डिटेल्स साझा न करें, अनजान लिंक/ऐप से बचें, जल्दबाजी में निर्णय न लें और पेमेंट से पहले विवरण जांचें।

- **ठगी होने परः**

तुरंत हेल्पलाइन 1930, पोर्टल cybercrime.gov.in या नजदीकी साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं।पुलिस के अनुसार, जागरूकता और सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

---

समग्र विकास के लिए समीक्षा बैठक, पेयजल प्रबंधन व सेवा गुणवत्ता पर विशेष फोकस

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभः जोगाराम पटेल

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 मार्च।** जयपुर जिले के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने स्पष्ट किया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे।गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जवाबदेही, संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



- **बजट घोषणाओं का धरातल पर असर दिखे**

बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने और वर्ष 2026-27 की घोषणाओं हेतु भूमि आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। भूमि उपलब्ध न होने पर वैकल्पिक समाधान अपनाने पर बल देते हुए कहा गया कि विकास कार्य बाधित नहीं होने चाहिए और उनका प्रभाव धरातल पर स्पष्ट दिखना चाहिए।

- **"पंच गौरव" से स्थानीय विकास को बढ़ावा**

बैठक के दौरान "पंच गौरव" कार्यक्रम पर आधारित लघु फिल्म का विमोचन किया गया। प्रभारी मंत्री ने इसे स्थानीय उत्पादों की पहचान, उद्यमिता प्रोत्साहन और रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बताया तथा जनभागीदारी से इसे और मजबूत करने की बात कही।

- **सेवा वितरण में गुणवत्ता व पारदर्शिता पर जोर**

टीएसपी व एससीएसपी निधियों के प्रभावी उपयोग, नागरिक सेवाओं–जैसे बोनाफाइड, जाति प्रमाण-पत्र, छात्रवृत्ति–के समयबद्ध निस्तारण तथा फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
अन्य प्रमुख निर्देश "नमो नर्सरी" के तहत पौध उत्पादन व वितरण की ठोस योजना, विद्यालय भवनों की मरम्मत व सुरक्षा, "राइजिंग राजस्थान" के एमओयू से जुड़ी परियोजनाओं की बाधाओं का त्वरित समाधान तथा एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।मीडिया से बातचीत में प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रशासन नवाचार, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।उन्होंने "रास्ता खोलो अभियान", "सक्षम जयपुर" और "नरेगा आखर अभियान" जैसे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि इनसे जिले के विकास को नई दिशा मिली है।बैठक में जिला प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

- **पेयजल प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता**

ग्रीष्मकाल को देखते हुए पेयजल प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए समर कंटींजेंसी प्लान को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। जल संकट वाले क्षेत्रों की पूर्व पहचान, वैकल्पिक स्त्रोतों की व्यवस्था, टैंकर प्रबंधन की सुदृढ़ निगरानी तथा खराब हैंडपंप व नलकूपों की त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया।

अल्बर्ट हॉल पर राज्य स्तरीय सांस्कृतिक संध्या का आकर्षक आयोजन

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में भव्यता के साथ मनाया गया राजस्थान दिवस

## सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक संस्कृति की छटा ने किया मंत्रमुग्ध

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 मार्च।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर राजस्थान दिवस का राज्य स्तरीय समारोह राजधानी जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल परिसर में अत्यंत भव्य एवं गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और भी ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर राजस्थान की समृद्ध लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विविधता और गौरवशाली विरासत का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।





### प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

कार्यक्रम में प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। पद्मश्री अनवर खां मांगणियार एवं उनके दल ने अपनी सुरीली लोकधुनों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया, वहीं पद्मश्री तगाराम भील एवं उनके दल की प्रस्तुतियों ने भी लोक संस्कृति की गहराई और आत्मा को मंच पर जीवंत किया। इसके साथ ही 100 से अधिक लोक कलाकारों और कथक नृत्यांगनाओं ने सामूहिक रूप से विविध रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें घूमर, गैर, चरी, कच्छी घोड़ी और कालबेलिया जैसे पारंपरिक नृत्यों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर दर्शकों का मन मोह लिया।इस दौरान राज्य सरकार के दो वर्ष से अधिक के जनसेवा को समर्पित कार्यकाल एवं प्रमुख उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसने विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक प्रस्तुत की।





### आतिशबाजी और रोशनी ने बढ़ाई अल्बर्ट हॉल की भव्यता

आतिशबाजी और रोशनी ने बढ़ाई अल्बर्ट हॉल की भव्यता करीब दो घंटे से अधिक समय तक चले इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन आकर्षक रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ हुआ। आसमान में जगमगाते रंगों और पटाखों की गूंज ने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। अल्बर्ट हॉल की ऐतिहासिक इमारत रोशनी से नहाकर और भी भव्य प्रतीत हो रही थी, जिसने कार्यक्रम की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पद्मश्री तगाराम भील एवं पद्मश्री अनवर खां मांगणियार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा अन्य कलाकारों का भी उत्साहवर्धन किया।

### कार्यक्रम में ये वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल,सांसद, विधायक, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे यह आयोजन न केवल राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर का भव्य उत्सव बना, बल्कि प्रदेशवासियों में गौरव, एकता और उत्साह का संदेश भी प्रसारित करता नजर आया।

## एक नहीं, दो नहीं, तीन.. राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के मुस्लिम विधायकों ने भी बीजेपी को किया सपोर्ट

नयी दिल्ली/एजेंसी

राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में इस बार बीजेपी ने बिहार, ओडिशा में कांग्रेस के विधायकों के दम पर जीत दर्ज की। कुल 37 सीटों के लिए हुए चुनाव में एनडीए ने 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। जिसमें बीजेपी ने अकेले 12 सीटों पर फतह हासिल की है। दो राज्य बिहार और ओडिशा में तो मुस्लिम विधायकों ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बीजेपी या उसके समर्थित कैंडिडेट को समर्थन किया है। ओडिशा के बाराबती सीट से विधायक सोफिया फिरदौस ने बीजेपी समर्थित निर्दलीय कैंडिडेड दिलीप रे को वोट दिया था। तो दूसरी तरफ हरियाणा में कांग्रेस को दो मुस्लिम विधायक मोहम्मद इलियास और मोहम्मद इजरायल ने भी क्रॉस वोटिंग की। बिहार में



आरजेडी के विधायक फैजल रहमान ढाका विधानसभा सीट से विधायक हैं। उन्होंने कहा कि मां की बीमारी के कारण वो वोट डालने नहीं आ सके। उनके नहीं आने के बाद बीजेपी कैंडिडेट शिवेश राम दूसरी वरीयता के वोट के आधार पर आसानी से चुनाव जीत गए। यानी बीजेपी ने इस बार मुस्लिम विधायकों को भी साध लिया। बीजेपी ने इस बार के राज्यसभा चुनाव में जिस तरीके से विपक्षी खेमा खासतौर पर कांग्रेस को तोड़ा है, वो देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए चिंता का सबब है। अब कांग्रेस सांप के निकल जाने के बाद लाठी पीटने वाली मुद्रा में है। बीजेपी ने बिहार में जिस तरह से आरजेडी के मुस्लिम विधायक को मतदान से दूर रखने में सफलता पाई है, वो जरूर विशेषज्ञों को भी चौंका रही है।

## एमबीएम विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह सम्पन्न

### ''ज्ञान का सकारात्मक उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें'' :- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

चमकता राजस्थान

जोधपुर। एमबीएम विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से अर्जित ज्ञान को राष्ट्र और समाज के उत्थान में लगाने तथा लक्ष्य निर्धारित कर सतत परिश्रम करने का आ''ान किया।उन्होंने स्वामी विवेकानंद और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का बोध भी कराती है। तकनीकी शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए उन्होंने एआई के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया और कहा कि यह सहायक है, मानव मस्तिष्क



का विकल्प नहीं।राज्यपाल ने सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, 5जी और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में नवाचार बढ़ाने तथा 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' में युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया।समारोह में 645 विद्यार्थियों को उपाधियां और 15 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। जोधपुर आगमन पर राज्यपाल का स्वागत व गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### जालूपुरा की नूरानी मस्जिद में नमाज़-ए-ईद सुबह 9 बजे अदा होगी

- इमामत मशहूर आलिम-ए-दीन मौलाना राशिद रज़ा मिस्बाही फरमाएंगे।

**चमकता राजस्थान/जालूपुरा (खलील कुरैशी)।** ईद-उल-फित्र के मुबारक मौके पर जालूपुरा स्थित नूरानी मस्जिद में नमाज़-ए-ईद सुबह 9:00 बजे अदा की जाएगी। इस पाक इबादत की इमामत मशहूर आलिम-ए-दीन मौलाना राशिद रज़ा मिस्बाही फरमाएंगे।इस्लाही तक़रीर का विशेष आयोजनः आपको बता दें नमाज़ के बाद मौलाना राशिद रज़ा मिस्बाही एक अहम और रहनुमाई भरी तक़रीर पेश करेंगे, जिसमें खास तौर पर नौजवानों को मुखातिब करते हुए उन्हें नशे जैसी बुराइयों और गलत राहों से दूर रहने की नसीहत दी जाएगी।भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम तक़रीर में इस्लाम के बुनियादी उसूल—आपसी मोहब्बत, भाईचारा और इंसानी हमदर्दी—को अपनाने पर ज़ोर दिया जाएगा, ताकि समाज में अमन व सौहार्द कायम रह सके अमन व सलामती के लिए दुआ इस मुक़द्दस मौके पर मुल्क में अमन, चैन, तरक़्क़ी और खुशहाली के लिए खास दुआ भी की जाएगी। सभी अहल-ए-इलाका से वक्त पर मस्जिद पहुंचकर नमाज़-ए-ईद में शरीक होने की गुज़ारिश की गई

### असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को लगा झटका

- भाजपा में शामिल हुए सांसद प्रद्युत बोरदोलोई

**गुवाहाटी/एजेंसी।** असम में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के लोकसभा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के अन्य नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के इस वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। सरमा ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को बोरदोलोई के पार्टी में शामिल होने को मंजूरी दे दी थी। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज, कांग्रेस के मौजूदा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल हो गए हैं। हमारे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने पार्टी में उनका स्वागत किया है।' वहीं, राज्य मीडिया विभाग के अध्यक्ष बेदब्रत बोरा ने गुवाहाटी में बताया कि बोरदोलोई ने अपना इस्तीफा एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेज दिया है। खरगे को संबोधित एक पंक्ति के त्यागपत्र में सांसद ने कहा है कि अत्यंत दुख के साथ मैं आज कांग्रेस के सभी पदों से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं। गौरव गोगोई और जितेंद्र सिंह ने राजधानी में बोरदोलोई से इस मुद्दे पर बातचीत की। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए सिंह ने कहा कि बोरदोलोई की रगों में कांग्रेस का खून दौड़ता है। हम एक ही परिवार के सदस्य हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि बोरदोलोई को भाजपा में शामिल होने का कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। बोरदोलोई विधानसभा चुनावों के लिए घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष थे।

खेल भावना का उत्सवः हाउसिंग बोर्ड की 30वीं कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ

## टीम भावना, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं खेल- डॉ रश्मि शर्मा आवासन आयुक्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी)19 मार्च।** राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आयोजित 30वीं वार्षिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को उत्साह और ऊर्जा के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने खुले आकाश में गुब्बारे छोड़कर किया। इस दौरान मण्डल सचिव गोपाल सिंह, मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, टीएस मीणा, प्रतीक



श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी तथा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।इस अवसर पर आयुक्त ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं बल्कि टीम भावना, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं।चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें एथलेटिक्स रेस, फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कैरम, शतरंज तथा महिलाओं की 100 मीटर दौड़ प्रमुख हैं। प्रतियोगिता में कुल 240 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें 220 पुरुष एवं 20 महिला प्रतिभागी शामिल हैं।खेल मैदान में जोश और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला, जहां प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आगामी चार दिनों तक यह खेल महाकुंभ जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।यह प्रतियोगिता न केवल कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय को बढ़ावा देगी बल्कि स्वस्थ और सक्रिय कार्य संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### संगठित समाज ही विकास का पथ चुनता है: गंगासहाय ढोलावास



**चमकता राजस्थान/दौसा/लालसोट (दीपक शर्मा बामनवास)** । खुर्रा श्री महर्षि गौतम सेवा समिति खुर्रा द्वारा सोमवार को बिजासनी माता की धरती पर आयोजित महर्षि गौतम जयंती उत्सव धूम धाम से संपन्न हुआ। मंत्री मुकेश कुमार गौतम नारौली चौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य बाबूलाल शर्मा, बस्सी,गंगासहाय शर्मा ढोलावास, विशिष्ट अतिथि महेंद्र कुमार शर्मा गढोली,बुद्धि प्रकाश शर्मा झर, गिर्राज शर्मा,लिवाली, भरत लाल शर्मा, वैध मोहन लाल गौतम छारेडा एवं अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष प्रेम शंकर शर्मा सुखानंदपुरा ने की।

कार्यक्रम का आरंभ महर्षि गौतम जी के चित्रपट पर माल्यार्पण ,दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी अतिथियों का माला,दुपट्टा,प्रतिक चिन्ह,भेट कर स्वागत सत्कार किया गया । श्री महर्षि गौतम जंयती महोत्सव एवं अभिनन्दन समारोह में समाज की राष्ट्रीय मासिक पत्रिका श्री गुर्जर गौड़ लोक चेतना का पोस्टर विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि गंगा सहाय शर्मा ढोलावास ने अपने उदबोद्बन में कहा कि समाज को सामाजिक कार्य में अपनी अपनी भागीदारी,तन,मन,धन,और समय,का अवशय सहयोग करना चाहिए,लोकतंत्र में संगठित समाज हमेशा अवसरों का लाभ उठाता रहा है अगर समाज संगठित नहीं रहेगा तो आपकी बात न सरकार सुनेगी और न कोई व्यक्ति इसलिए संगठित समाज ही विकास का पथ चुनता है ।सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचारों में कुप्रथाओं, कुरीतियों के विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बंधुओं की उपस्थिति रही ।वैध स्व श्री लाडली प्रसाद गौतम की स्मृति में उनके सुपुत्र मुकेश कुमार गौतम,महेश (बंटी) गौतम सुपौत्र हर्षित, आदित्य,मंयक गौतम नारौली चौड़ द्वारा श्री महर्षि गौतम आश्रम खुर्रा में कार्यालय के लिए एक कमरे का निर्माण करवाया जायेगा। सभी समाज बंधुओ ने मुकेश कुमार गौतम नारौली चौड़ का माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

नागौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई:

### 34 लाख की 'डिजिटल अरेस्ट' ठगी का खुलासा, दिल्ली से 4 आरोपी गिरफ्तार

- **फर्जी पुलिस बनकर डराया, लाखों ऐंठे; 5.54 लाख रुपये कराए फ्रीज**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 मार्च (खलील कुरैशी)**। नागौर पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए 34 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साइबर थाना पुलिस ने दिल्ली में कार्रवाई कर चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नागौर एसपी रोशन मीणा ने बताया कि गोटन निवासी जस्साराम को ठगों ने फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर कॉल किया। उन्होंने किसी गंभीर मामले में फंसाने का डर दिखाकर पीड़ित को 'डिजिटल अरेस्ट' में लिया और जाली दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड दिखाकर मानसिक दबाव बनाया। घबराए पीड़ित ने 34 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए।मामला दर्ज होते ही एसपी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवेन्द्र सिंह महेला के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। डीएसपी धरम पूनिया के नेतृत्व में साइबर थाना टीम ने दिल्ली के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में दबिश देकर इमरान, विवेक कुमार, सलमान और योगेन्द्र को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई  ठगी गई राशि में से 5,54,919 रुपये विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज (होल्ड) करवा लिए गए हैं।जांच में सामने आया कि आरोपी इमरान और विवेक कुमार अपने नाम से फर्जी फर्मे व बैंक खाते (म्यूल अकाउंट्स) खोलकर इन्हें साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग डिजिटल अरेस्ट और निवेश ठगी जैसे अपराधों में किया जाता था।इस कार्रवाई में साइबर थाना नागौर की टीम की अहम भूमिका रही। सहायक उप निरीक्षक माधुसिंह और कांस्टेबल माधाराम का विशेष योगदान रहा। टीम में इंस्पेक्टर देवीलाल सहित हरीराम, वीरेन्द्र, गजेन्द्र, राजेश तथा साइबर सेल के मूलाराम और भरत शामिल रहे।

- **'डिजिटल अरेस्ट' से रहें सावधान:**

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल पर 'डिजिटल अरेस्ट' नहीं करती। ऐसे कॉल आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें और किसी भी प्रकार की रकम ट्रांसफर न करें।

### जयपुर विकास प्राधिकरण ने दिया प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई को अंज़ाम

- **7 बीघा भूमि पर बस रही 2 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त, अतिक्रमण हटाए**
- **जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देश एवं मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में संपादित हुई कार्रवाई**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 मार्च**।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध कॉलोनियों व अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए करीब 7 बीघा भूमि पर विकसित हो रही 2 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया।जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देश पर प्रवर्तन दस्ते ने जोन-13 के ग्राम सिंगवाना (कूकस, दिल्ली रोड) में 4 बीघा तथा ग्राम बिलोची(कालीघाटी, अजमेर-दिल्ली बाइपास) में 3 बीघा कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति व भू-रूपांतरण के बनाए जा रहे सड़क, बाउंड्री व अन्य निर्माणों को प्रारंभिक स्तर पर ही जेसीबी से हटाकर कॉलोनियां बसाने के प्रयास विफल कर दिए।साथ ही जोन-09 में टोंक रोड (इंडिया गेट क्षेत्र) पर सड़क सीमा में किए गए अस्थायी अतिक्रमण–थड़ियां, ठेले, तंबू, होर्डिंग आदि–हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।यह कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अधिकारियों, राजस्व व तकनीकी स्टाफ के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुई।जेडीए ने स्पष्ट किया है कि अवैध कॉलोनियों व अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



गंगा-जमुनी तहज़ीब और सामाजिक सौहार्द का संदेश अमन चैन का प्रतिबिम्ब है रोज़ा इफ्तार:- रफीक खान

# निवर्तमान पार्षद जाहिद निर्बाण द्वारा भट्टा बस्ती जयपुर में आयोजित करवाया भव्य रोज़ा इफ्तार

## रमज़ान का महीना संयम, सेवा, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है: अशोक गहलोत

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)**। पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर राजधानी जयपुर के भट्टा बस्ती क्षेत्र में हवामहल विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद जाहिद निर्वाण द्वारा भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।इफ्तार कार्यक्रम में रोज़ेदारों के साथ बैठकर रोज़ा खोला गया, जहां आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।









- **रमज़ान का महीना संयम, सेवा, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है: अशोक गहलोत**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि रमज़ान का महीना संयम, सेवा, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है तथा ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। गौरतलब है कि उपस्थित सभी अतिथियों ने रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में रमज़ान की बरकतों, रहमतों, इबादतों, तकवा परेजगारी, सब्र आदि पर प्रकाश डाला

- **इन गणमान्यजनों और जनप्रतिनिधियों ने रोज़ा इफ्तार में करी शिरकत**

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेश जोशी, हवामहल विधायक रफीक खान, किशनपोल अमीन कागज़ी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. सुनील शर्मा, आर.आर. तिवारी, डॉ. खानूखान बुधवाली, युवा नेता इमरान कुरैशी, सिकंदर नियाजी, असरार कुरैशी, लियाक़त चुगनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

- **सभी ने एक साथ इफ्तार कर सामाजिक समरसता और गंगा-जमुनी तहज़ीब का संदेश दिया।**

निवर्तमान पार्षद जाहिद निर्वाण ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी प्रेम, विश्वास और भाईचारे को सुदृढ़ करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने सभी रोज़ेदारों को रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए समाज में शांति, सद्भाव और तरक्की की कामना की यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विभिन्न समुदायों के लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता, इंसानियत और पारस्परिक सम्मान का सशक्त संदेश देने में सफल रहा।

## एआईएमआईएम की जानिब से शास्त्री नगर में आयोजित हुआ शानदार रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम

- **रमजान के पावन में माह रोज़ा इफ्तार सामाजिक सौहार्द का अनूठा आयोजन :- जमील खान**
- **रोज़ा इफ्तार आयोजनों से समाज में जाता है आपसी भाईचारे, मोहब्बत और एकता का संदेश:- लुकमान खान**



चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) गुरुवार 19 मार्च को राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर में एआईएमआईएम की जानिब से आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में पुर्रखुलुश अंदाज में रोजेदारों की अकीदत भरी मौजूदगी देखने को मिली। रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम के आयोजन कर्ता एआईएमआईएम के प्रदेश उपाध्यक्ष लुकमान खान मलखान ने अपने संबोधन में कहा कि रोज़ा इफ्तार कार्यक्रमों के आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे, मोहब्बत और सामाजिक समरसता सौहार्द को प्रबल मजबूती मिलती है  इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के रोजेदारों ने भाग लिया।रोजेदारों ने नमाज अदा करने के बाद सामूहिक रूप से रोज़ा खोला। इस दौरान आयोजन स्थल पर आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का वातावरण देखने को मिला।इस दौरान एआईएमआईएम प्रमुख जमील खान ने रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में उपस्थित सभी को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी समझ, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि रोज़ा वास्तव में तकवा ,परेजगारी सब्र- सामाजिक सौहार्द एकता का प्रतीक होता है कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसने प्रदेश में एआईएमआईएम पार्टी की जमीनी पकड़ का सकारात्मक संदेश दिया। इन वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने करी रोज़ा इफ्तार में शिरकत

एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष जमील खान, प्रदेश उपाध्यक्ष लुकमान खान की निगरानी में रोजा इफ्तार का कार्यक्रम किया गया  प्रदेश उपाध्यक्ष बाबू भाई मौजूद रहे संयुक्त सचिव जुबेर खान राजस्थान प्रवक्ता एडवोकेट आरिफ खान टोंक जिला अध्यक्ष आशु परवेज हाजी निसार, हाजी लाला भाई टायर वाले रशीद पीर शमशुल वारसी हसीन भाई नवाब कुरैशी, अशरफ भाई नसरू भाई सदर कुरैशियन हबीब उस्मान भाई सहित रोजगार और स्थानीय गणमान्य नागरिक ने उपस्थिति दर्ज़ करवायी।

## जयपुर ग्रामीण पुलिस की सराहनीय पहल: चंदवाजी थाना पर 'दुर्घटना सहायता केंद्र' का शुभारंभ

- **हाईवे दुर्घटनाओं में 'गोल्डन ऑवर' में त्वरित राहत व रेस्क्यू पर फोकस**
- **– Finova Capital के सहयोग से आधुनिक संसाधनों से लैस केंद्र स्थापित**









चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील) 18 मार्च।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस थाना चंदवाजी परिसर में 'दुर्घटना सहायता केंद्र' (Accidental Aid Center) का उद्घाटन किया। यह केंद्र Finova Capital के सहयोग से स्थापित किया गया है।उप महानिरीक्षक पुलिस एवं जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी (IPS) ने बताया कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य हाईवे पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 'गोल्डन ऑवर' के दौरान घायलों को त्वरित प्राथमिक चिकित्सा और रेस्क्यू सहायता उपलब्ध कराना है।उद्घाटन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (हाईवे/यातायात) नारायण लाल शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक जमवारामगढ़ रामकिशन विश्नोई, थाना अधिकारी चंदवाजी नितिन चौधरी (IPS प्रोबेशनर) सहित Finova Capital के प्रतिनिधि विपुल तुम्बी, आर्यमन साहनी व अर्पित गुप्ता उपस्थित रहे।

- **केंद्र की प्रमुख विशेषताएं: त्वरित रेस्क्यू सहायता**

दुर्घटना में घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार व सुरक्षित रेस्क्यू0ट्रैफिक जागरूकता: आमजन व वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति प्रशिक्षणदीर्घकालिक प्रबंधन: Finova Capital द्वारा अगले 10 वर्षों तक केंद्र का मेंटेनेंस

**आधुनिक सुविधाएं:** रेस्क्यू टूल्स (कटर, स्ट्रेचर आदि) सुरक्षा उपकरण (रिफ्लेक्टिव जैकेट, फायर एक्सटिंग्विशर, बैटन लाइट)तकनीकी संसाधन (कंप्यूटर, प्रिंटर, एलईडी स्क्रीन)पूर्ण सुसज्जित फर्स्ट एड किट पुलिस के अनुसार यह केंद्र न केवल दुर्घटना के समय जीवन रक्षक साबित होगा, बल्कि सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निजी क्षेत्र के सहयोग से स्थापित यह पहल सामुदायिक पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है। कंपनी द्वारा केंद्र पर तैनात कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, ताकि वे आपात स्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

आत्मनिर्भरता और सम्मान की दिशा में सशक्त सकारात्मक पहल

# किशनपोल विधायक अमीन कागज़ी ने विधायक निधि से  दिव्यांगजनों को करी स्कूटी वितरण:

## "यह केवल स्कूटी नहीं, बल्कि आत्म-संबल, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की चाबी है" – अमीन कागज़ी

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) । किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याण एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल करते हुए विधायक अमीन कागज़ी ने विधायक निधि के माध्यम से दिव्यांगजनों को निःशुल्क स्कूटी वितरण कर उनके जीवन को नई गति और दिशा प्रदान की। यह कार्यक्रम विधायक आवास, एफ-1, विधायकपुरी में दोपहर 3:00 बजे गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 26 पात्र लाभार्थियों को स्कूटी प्रदान की गई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों एवं लाभार्थियों के परिजन उपस्थित रहे। स्कूटी प्राप्त करते ही लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसने पूरे वातावरण को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया।इस अवसर पर विधायक अमीन कागज़ी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर प्रदान करना सरकार और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ''दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी सुविधाओं, गरिमा और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। यह स्कूटी केवल एक वाहन नहीं, बल्कि उनके लिए आत्म-संबल, आत्मविश्वास और स्वतंत्र जीवन जीने की चाबी है।''उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की योजनाएं दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार और दैनिक जीवन की आवशयकताओं तक सहज पहुंच प्रदान करती हैं, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में सशक्त रूप से भागीदारी निभा सकें। विधायक कागज़ी ने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए इसी प्रकार के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूटी मिलने से उनकी दैनिक जिंदगी में बड़ा बदलाव आएगा। अब उन्हें आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी और वे अपने कार्यों को अधिक सहजता, समयबद्धता और आत्मसम्मान के साथ पूरा कर सकेंगे।यह पहल न केवल दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि समाज में समावेशिता, संवेदनशीलता और समान अवसर की भावना को भी सुदृढ़ करती है। किशनपोल क्षेत्र में आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता और जनसेवा के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में उभरकर सामने आया है। इस दौरान किशनपोल विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं पार्षदगणों जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस आत्मसंबल के पुनित क्षणों के साक्षी बने





## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के ब्यावर आगमन पर भव्य स्वागत-सत्कार किया



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** गुरुवार को प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के ब्यावर आगमन पर ब्यावर यूथ संगठन एवं श्री राम भक्त सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। ब्यावर यूथ संगठन के अध्यक्ष ब्रिजेश साहू एवं श्री राम भक्त सेवा समिति के अध्यक्ष बिट्टू कुमावत ने उपमुख्यमंत्री को श्री राम भगवान का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया तथा नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं ।उपाध्यक्ष अनिल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 2 अप्रैल को श्री चार दिशा बालाजी महाराज मंदिर, उदयपुर रोड चुंगी नाका पुलिया के पास आयोजित होने वाली विशाल भजन संध्या का निमंत्रण भी उपमुख्यमंत्री को दिया गया ।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सभी युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की सराहना की ।इस अवसर पर ब्रिजेश साहू, बिट्टू शर्मा, अनिल साहू, जैकी साहू, रवि पडीयार, धीरज, राकेश भागड़, प्रीतम साहू, भावेश साहू एवं रेणु गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जालीवाड़ा खुर्द में बोरवेल खुदाई सफल, ग्रामीणों में खुशी की लहर



**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/जालीवाड़ा/मेहराम गहलोत।** ग्राम जालीवाड़ा खुर्द में माननीय बिलाड़ा विधायक अर्जुन लाल गर्ग के प्रयासों से करवाई गई बोरवेल खुदाई सफल रही, जिसमें भरपूर पानी मिलने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे गांव वासियों को इस सफलता से बड़ी राहत मिली है। बोरवेल में पर्याप्त जल मिलने के बाद ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। इस अवसर पर चालक दान, करनी दान, आईदान सिंह, हर्षवर्धन सिंह जालीवाड़ा, मनोहर सिंह, आनंद सिंह, अशोक पंवार, आश्विन चारण सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए विधायक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मुख्यमंत्री के विकसित राजस्थान विजन को साकार करेगा ग्राम एवं वार्ड अभियान: जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम



**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर/धौलपुर।** जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज धौलपुर के कलेक्ट्रेट सभागार से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा आयोजित ''मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं वार्ड अभियान'' कार्यक्रम से लाइव जुड़कर सहभागिता की।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि ''मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं वार्ड अभियान'' प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के माध्यम से गांवों एवं शहरी वार्डों को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं आधुनिक बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में राजस्थान निरंतर आत्मनिर्भरता, सुशासन एवं समावेशी विकास की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इस प्रकार के अभियानों से प्रदेश के अंतिम छोर तक विकास की किरण पहुंचेगी और आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# राजस्थान दिवस पर विकास को नई रफ्तार:

# उपमुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री दिया कुमारी का ब्यावर दौरा

## जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा, दिव्यांगजनों को मिली स्कूटी की सौगात

चमकता राजस्थान

ब्यावर। राजस्थान दिवस के अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती दिया कुमारी के ब्यावर दौरे ने विकास कार्यों को नई दिशा और गति प्रदान की। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच और प्रभावी कार्यशैली का प्रतिबिंब इस दौरे के दौरान स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

प्रभारी मंत्री महोदया ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों एवं फ्लैगशिप कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध पूर्णता एवं आमजन तक अधिकतम लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में सड़क निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही, जो विकास कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन पर विशेष चर्चा कर उन्हें प्राथमिकता से शुरू करने के निर्देश दिए। विद्यालय भवनों की मरम्मत





को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पंच गौरव कैलेंडर का विमोचन भी किया गया, जो जिले की उपलब्धियों और संभावनाओं को नई पहचान देगा।

प्रभारी मंत्री ने राज्य सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल नवाचारों, जनहितकारी घोषणाओं और विकासोन्मुखी पहलों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई समीक्षा:

ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था एवं आकस्मिक योजना, एलपीजी की उपलब्धता, स्वच्छता अभियान, बजट घोषणाओं का प्रभावी क्रियान्वयन एवं भूमि आवंटन, राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का त्वरित निपटान

जनगणना कार्यों की तैयारी, ग्राम स्तरीय योजनाओं का सुदृढ़ क्रियान्वयन ''हरियालो राजस्थान'' एवं ''नमो नर्सरी'' की तैयारी

इस दौरान विधायक शंकर सिंह रावत ने जिले एवं शहर में सड़क निर्माण को लेक र महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिले के विकास के लिए अतिरिक्त बजट और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए प्रस्ताव रखें। कार्यक्रम के तहत विधायक कोष से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से 20 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की गई। इस पहल से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने और उनके जीवन को सुगम बनाने में बड़ी मदद मिलेगी।

समीक्षा बैठक के दौरान जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक श्री रतन सिंह अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री ब्रह्म लाल जाट, एसीईओ गोपाल लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान सरकार के सतत प्रयासों से विकास की नई ऊंचाइयां छूता ब्यावर - यह दौरा इसी दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ।

# सारंगवास के सोनाणा खेतलाजी मेले पर कुदरत की छाया,उमड़ा भक्तों का सैलाब, हॉर्स शो ने बांधा समां

चमकता राजस्थान

देसूरी। सोनाणा खेतलाजी तीर्थ धाम में आयोजित 52वें वार्षिक भव्य लक्खी मेले पर कुदरत की छाया रहने से तापमान घटा तो मेलार्थी पहले दिन ही उमड़ पड़े। मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही बादल छा गए और सूरज ओझल हो गया और मौसम मनभावन हो गया। इसके चलते जो झूले दूसरे दिन चला करते थे,वे पहले दिन ही मेलार्थियों की बड़ी तादाद से चल पड़े। यहां तक कि खरीद फरोख्त के लिए हाट बाजार में लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं पहला दिन भक्ति, शौर्य और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। गुरुवार को सुबह मंदिर श्रृंगार और भव्य वरघोड़ा के साथ मेले का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे मंदिर परिसर और मेला स्थल खचाखच भरा नजर आया। इस दौरान दूरदराज पैदल संघ के लेकर पहुंचे जातरुओं व संघ नेतृत्व कर रहे भक्तों का ट्रस्ट की ओर से स्वागत किय गया। शाम को आयोजित शानदार हॉर्स शो ने दर्शकों का मन मोह लिया।

#### ● श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब, भक्तिमय हुआ माहौल

सुबह 8 बजे मंदिर श्रृंगार के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। 10:15 बजे निकले भव्य वरघोड़ा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सजी-धजी सवारियों, पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते श्रद्धालुओं और ढोल-नगाड़ों की थाप से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दोपहर को खेतलाजी को भक्तराज राजेंद्र भंडारी व रमेश ओसवाल के साथ जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सानिध्य में छप्पन भोग अर्पित किया गया।



#### ● हॉर्स शो में दिखा राजस्थानी शौर्य और परंपरा

शाम 4 बजे से आयोजित हॉर्स शो मेले का मुख्य आकर्षण बना। राजस्थान और अन्य राज्यों से आए घुड़सवारों ने अपने घोड़ों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए। शानदार घुड़सवारी और पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन ने मेलार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच घुड़सवारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

#### ● गैर नृत्य से सजेगा कल का आयोजन

शुक्रवार को सुबह ध्वजा चढ़ाने और पूजा-अर्चना के बाद दोपहर 1 बजे से गैर नृत्य का आयोजन होगा। विभिन्न जिलों से आए करीब 60 गैर नृत्य दल अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगे। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नर्तक दल जब ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करेंगे, तो पूरा परिसर राजस्थानी लोक संस्कृति की छटा बिखेर देगा।

#### ● भजन संध्या में बही भक्ति की धारा

रात्रि 8 बजे से आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालु भक्ति में डूब गए। भजन संध्या में आशा वैष्णव एवं मां फिल्म आना के बैनर तले इस बार प्रसिद्ध गायक इंडियन आइडल मोती खान, आशा वैष्णव, सोनू सिसोदिया, शंकर टांक, रमेश माली, तेजपालसिंह गरवर एवं धर्मराज मेजा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं नृत्यांगना टीना प्रजापत, ममता भारती, विनोद गोमती और राहुल राजस्थानी अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### नेतेवाला में प्रस्तावित कचरा प्लांट के विरोध में उग्र हुआ प्रदर्शन, नगरपरिषद में घुसे ग्रामीण



**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** नेतेवाला क्षेत्र में प्रस्तावित कचरा प्लांट के विरोध ने गुरुवार को बड़ा रूप ले लिया, जब बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नगरपरिषद कार्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कचरा प्लांट लगने से क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ेगा और आसपास के गांवों के स्वास्थ्य व पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस प्रशासन ने एहतियात के तौर पर नगरपरिषद के मुख्य गेट को बंद कर दिया। इससे नाराज ग्रामीण गेट पर चढ़ गए और विरोध जताते हुए जबरन गेट खोलकर नगरपरिषद परिसर में प्रवेश कर गए। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक जयदीप बिहाणी, एडीएम सुभाष चौधरी, पंचायत समिति डायरेक्टर विनोद ताखर सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। इसके अलावा सुरेंद्र पारीक, सुनील सिहाग, सुशील और सुभाष देवरथ सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से समझाइश कर शांतिपूर्ण समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनका कहना है कि जब तक कचरा प्लांट की योजना को रद्द नहीं किया जाएगा, तब तक विरोध जारी रहेगा। स्थिति को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए।

### भक्तिमय माहौल में श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ, सती प्रसंग और शिव-पार्वती विवाह की प्रस्तुति से भावविभोर हुए श्रद्धालु



**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/ चौमू।** चौमूं नगर के नया बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में गुरुवार को 'श्रीराम कथा रस माधुरी' का विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। भक्ति और श्रद्धा के इस संगम में प्रथम दिन ही बड़ी संख्या में क्षेत्र के धर्मप्रेमी नर-नारियों ने शिरकत की ।कथा के मुख्य यजमान सत्यनारायण एवं गायत्री देवी सर्राफ ने सपरिवार कथा व्यास पंडित महेश शर्मा 'हवेलीवाला' का पूजन-अर्चन कर उन्हें सम्मानपूर्वक व्यास पीठ पर आसीन कराया। पंडित शर्मा ने मानस की महत्ता बताते हुए संगीत की मधुर लहरियों के बीच रामकथा की भूमिका प्रस्तुत की, जिससे पूरा पाण्डाल राममय हो गया ।प्रथम दिवस की कथा में पंडित महेश शर्मा ने माता सती प्रसंग और शिव-पार्वती विवाह की कथा को अत्यंत मनमोहक शैली में सुनाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार शिव और शक्ति का मिलन लोक कल्याण के लिए आवश्यक था। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए ।आयोजक परिवार के सदस्य यज्ञ दत्त सर्राफ ने जानकारी दी कि कथा के आयोजन और कलश यात्रा को सफल बनाने में बाबा अमरनाथ कावडिया संघ का विशेष सहयोग रहा। कथा के उपरांत संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं का अभिनंदन व सम्मान किया गया। साथ ही शुक्रवार दोपहर 12:15 बजे से शुरू होने वाली कथा में नारद मोह, रावण जन्म एवं पृथ्वी की पुकार के प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

# स्व का भाव' जगाता भारतीय नववर्ष आज भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर: हरितवाल

चमकता राजस्थान

**दौसा। (दीपक शर्मा बामनवास)** विश्व में भारत,ईरान, मिश्र,रोम इत्यादि प्राचीनतम समृद्ध बस्तियों वाले देश है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, बोलीवियों, पेरू और भारत का कुछ क्षेत्र तथा अफ्रिकी देश आदिवासियों की प्राचीन बस्तियां है। इन सब देशों की बहुत समृद्ध भाषा परंपरा व संस्कृति है। इन्ही परम्पराओं, भाषा और संस्कृति के समान विश्व के अनेक देशो की अपनी ज्योतिष, वास्तु व काल गणनाए भी है जो कही सौर आधारित है तो कही चंद्र आधारित

है। अपनी काल गणनाओं के साथ ही यह देश अपने वर्ष महीनों की गणना भी उसी के अनुसार करते है। इसी गणना से इन देशों के महीनों की संख्या, समयचक्र,वर्ष के प्रथम माह भी अलग अलग है। यूरोप,अमेरिका वर्चस्व के कारण धीरे धीरे विश्व के उपनिवेश देशों में यूरोप,अमेरिका की भाषा के साथ ही काल गणना, ग्रेगेरियन कैलेंडर को स्वीकार कर लिया। भारत में ब्रिटिश शासन व्यवस्था के प्रभाव से ग्रेगेरियन कैलेंडर शासकीय कैलेंडर बन गया परंतु देश की जनता में ग्रेगेरियन कैलेंडर कभी भी लोकप्रिय नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी बहुसंख्यक जनता भारतीय काल गणना पर आधारित शक/विक्रम संवत का ही प्रयोग करती है। देश में मनाए जाने वाले समस्त त्यौहार व्रत भी इसी कैलेंडर के आधार पर मनाए जाते है। यहां तक व्यापार



अथवा वित्त वर्ष भी भारतीय काल गणना के प्रथम दिवस व ग्रेगेरियन कैलेंडर के सामंजस्य के आधार पर अप्रैल माह से प्रारंभ होता है।

यूरोप अमेरिका के इतर समृद्ध परंपराओं वालों देशों की चर्चा करे तो जापान में सम्राट के जन्म आधारित कैलेंडर, ईरान अफगानिस्तान में हिजरी, नेपाल में विक्रम संवत आदि कैलेंडर उपयोग में लिए जाते है। चीन में शासकीय रूप से अवशय ग्रेगेरियन कैलेंडर उपयोग में लिया जाता है परंतु वहां भी भारत के समान त्यौहार इत्यादि देशज कैलेंडर से ही मनाए जाते है। भारत में स्वतंत्रता के पश्चात ग्रेगेरियन कैलेंडर ही उपयोग लिया परंतु जनता शक/विक्रम संवत की ही उपयोग करती रही। इस विरोधाभास के कारण सरकार ने 1952 में प्रसिद्ध वैज्ञानिक मेघनाथ साहा की अध्यक्षता में कैलेंडर सुधार समिति बनाई। समिति के अध्ययन का निष्कर्ष था कि देश में शक/विक्रम संवत सहीत 30 विभिन्न कैलेंडर चलन में है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने शासकीय व्यवस्था में ग्रेगेरियन कैलेंडर के साथ शक संवत को शामिल कर एक साझा कैलेंडर 22 मार्च 1957 को अंगीकार किया।

देश के गत 10-12 वर्ष बदलाव का काल है, इस काल में बडे स्तर पर उत्तरोत्तर बदलाव हुए है। इस एक दशक में भारत में विश्व स्तरीय सडक परिवहन, रेल नेटवर्क का निर्माण हुआ है तो साथ ही कृषि उत्पादन अभी तक की सर्वश्रेष्ठ है।आज भारत दुग्ध उत्पादन, गेंहू, चावल उत्पादन में पूरे विश्व में अव्वल है। निर्यात गत 10 वर्षों में लगभग दुगुना हो चुका है, भारत की जीडीपी दर विश्व में सर्वाधिक है। यह तमाम आंकडे बताते है कि भारत विकसित देशों से भी तेज विकास कर रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929